# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

### युवाओं के दम पर हम जीतेंगे कोरोना के खिलाफ जंग–कुलपति प्रो. मिश्र

### राजभवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपति

जबलपुर 30 मार्च। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत युवाओं का देश है और युवाशक्ति के बल पर हम इस कोरोना के खिलाफ जारी जंग जीतकर दिखायेंगे। उपरोक्त विचार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने राजभवन द्वारा आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक के दौरान व्यक्त किए।

महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री लालजी टंडन की मौजूदगी में राजभवन से आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में ऑनलाईन के माध्यम से प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति भी जुड़े हुए थे एवं सभी ने अपने वक्तव्य इस ऑनलाईन बैठक में व्यक्त किए। महाहिम राज्यपाल द्वारा द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के संबंध में विश्वविद्यालयों द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर चर्चा की गई। बैठक में रादुविवि कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की ओर से बताया गया कि इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भारत के हर एक नागरिक को घर से न निकलने का संकल्प लेना ही होगा और इसे पूर्ण करने में अपना सौ फीसदी योगदान देना ही होगा। युवाओं को लिए हुए संकल्प को पूरा करना है। इन दोनों परिस्थितियों के बीच युवाओं को ही लोगों को जागरूक करने से लेकर राहत कार्यों में भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेना होगा। इस ऑनलाईन वीडियो कांफ्रेंसिंग में जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन, मेडिकल विवि जबलपुर सहित राजा छत्रसाल विवि छतरपुर, उज्जैन विवि, ग्वालियर विवि, इन्दौर विवि, भोपाल विवि, रीवा विवि, डॉ. अम्बेडकर विवि व अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति मौजूद रहे।